रेल मंत्रालय

रेल मंत्रालय ने सभी श्रेणियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की

रेलवे भर्ती बोर्डों की वेबसाइटों के जरिए ग्रुप सी लेवल I (पूर्ववर्ती ग्रुप डी) में लगभग 90,000 पदों जैसे ट्रैक मेंटेनर, प्वाइंट्स मैन, हेल्पर, गेटमैन, पोर्टर और ग्रुप सी लेवल II श्रेणियों जैसे सहायक लोको पायलट (एएलपी), टेक्निशियन (फिटर, क्रेन चालक, लोहार, बढ़ई) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि उपयुक्त रूप से बढ़ा दी जाएगी

मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, तमिल, ओडिया और अन्य जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा देने का विकल्प उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध होगा

Posted On: 19 FEB 2018 7:12PM by PIB Delhi

रेल मंत्रालय ने ग्रुप सी लेवल I और II पदों पर भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित रूप से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है:-

सीईएन 01/2018 – सहायक लोको पायलट (एएलपी) और टेक्निशियन (आयु वर्षों में)		
समुदाय	**अधिसूचित**	**संशोधित**
अनारक्षित	28	30

अन्य पिछड़ा वर्ग	31	33
अनुसूचित जाति	33	35
अनुसूचित जनजाति	33	35

सीईएन 02/2018 – लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप डी)

(आयु वर्षों में)

समुदाय	**अधिसूचित**	**संशोधित**
अनारक्षित	31	33
अन्य पिछड़ा वर्ग	34	36
अनुसूचित जाति	36	38
अनुसूचित जनजाति	36	38

रेलवे भर्ती बोर्ड इस बारे में अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जल्द ही शुद्धिपत्र जारी करेगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि उपयुक्त रूप से आगे बढ़ायी जाएगी। परीक्षार्थियों को मलयालम, तमिल, कन्नड़, ओडिया, तेलुगु और बांग्ला सहित विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का फैसला किया गया है।

इससे पहले, रेलवे मंत्रालय ने ग्रुप-सी लेवल-1 और लेवल-2 श्रेणियों के लिए 89,409 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया की घोषणा की, जो दुनिया की सबसे बड़ी भर्ती प्रक्रियाओं में से एक है। इसके तहत सहायक लोको पायलट, टेक्निशियन (फिटर, क्रेन चालक, लोहार और बढ़ई) जैसे ग्रुप-सी लेवल-2 के पदों तथा ट्रैक मेंटेनर, प्वांइट्स मैन, हेल्पर, गेटमैन और पोर्टर जैसे ग्रुप-सी लेवल-1 के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गये हैं। ग्रुप-सी लेवल-1 के पदों के लिए दसवीं और आईटीटी की परीक्षा पास कर चुके सभी उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। ग्रुप-सी लेवल-2 के पदों के लिए दसवीं कक्षा तथा आईटीटी की परीक्षा पास कर चुके या इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अथवा इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

रेलवे मंत्रालय ने ग्रुप-सी लेवल-2 श्रेणी के पदों के लिए अधिसूचना संख्या सीईएन 02/2018 के तहत 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवारों के लिए दसवीं पास और आईटीटी से प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट अथवा इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या स्नातकोत्तर की डिग्री अनिवार्य योग्यता निर्धारित की है।

ग्रुप-सी लेवल-1 की श्रेणी के पदों के लिए अधिसूचना संख्या सीईएन 02/2018 के तहत 18 से 31 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवारों के लिए दसवीं पास और आईटीटी से प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट अनिवार्य योग्यता तय की गई है। ये अधिसूचनाएं रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइट http://www.indianrailways.gov.in/railwayboard/view_section.jsp?

lang=0&id=0,4,1244 पर लगा दी गई हैं।

***

वीके/एएम/आरआरएस/एमएस/एसकेपी/जीआरएस– 6720

(Release ID: 1520981) Visitor Counter : 0